मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव 2013-14
चुनाव अधिकारियों के लिए
ई.वी.एम. के प्रयोग से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ

1. डूसू चुनाव के लिए एक कंट्रोल यूनिट और चार बैलट यूनिट का सेट प्रति मतदान केन्द्र को दिया गया है । कॉलेज के चुनावों के लिए दूसरा कंट्रोल यूनिट और बैलट यूनिट आवश्यक्ता के अनुसार तैयार करके दिए गए हैं ।

2. दिए गए निर्देशों के अनुसार मतदान केन्द्र पर चारों बैलट यूनिट को आपस में जोड़िए और फिर उसे डूसू कंट्रोल यूनिट के साथ जोड़िए । इसी प्रकार कॉलेज के चुनावों की बैलट यूनिट को जोड़िए और फिर उसे कंट्रोल यूनिट के साथ जोड़िए । आपको भेजे गए दोनों ही सेट बिल्कुल सही स्थिति में हैं और वोटों को दर्ज करने में सक्षम हैं ।

3. दोनो सेटों के साथ मतदान इकाईयों के जुड़ जाने के बाद किसी भी सेट के कंट्रोल यूनिट को 'स्विच ऑन' करें। उस पर कुछ जानकारी नजर आएँगी। सूचना का 'डिस्प्ले' समाप्त होने पर कंट्रोल यूनिट में 'टोटल' का बटन दबाएँ । कंट्रोल यूनिट में दर्ज होने वाले वोट उस पर दिखाई देंगे, जिनकी संख्या **0** होगी । इस प्रकार '**to...........0**' दिखाई देगा, जिससे पता चलता है कि ई.वी.एम. में अभी तक कोई वोट दर्ज नहीं हुआ है । कॉलेज के लिए कंट्रोल यूनिट में भी यही प्रक्रिया दोहराएँ ।

4. अब प्रथम मतदाता से यह सत्यापित करवाएँ कि उसके मतदान के समय कुल आंकड़ा **0** है, फिर उसे मतदान केन्द्र में आने की अनुमति दें ।

5. मतदाता के वोट दर्ज करने के बाद, उसे मतदान केन्द्र से बाहर आने को कहें तथा चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट के 'TOTAL' बटन को दबाएं ।

6. 'To.............1' दिखाई देने का अर्थ है कि एक वोट दर्ज हो गया है । इससे स्पष्ट हो जाएगा कि मशीन ठीक काम कर रही है ।

7. अब अगले मतदाता को मतदान के लिए बुला सकते हैं और प्रकिया को आगे बढ़ाया जा सकता है ।

8. मतदान की प्रकिया में दर्ज मतों की संख्या को जानने के लिए 'Total' का बटन दबाया जा सकता है ।

9. मतदान समाप्त होने के बाद परिणाम खण्ड के ढक्कन को हटा कर सीधा कर दें और 'Close' का बटन दबाएँ । फिर ढक्कन को दोबारा उसके स्थान पर वापस लगा कर, सील कर दें ।

10. कंट्रोल यूनिट को 'स्विच ऑफ' कर दें और मतदान यूनिट से तारों को हटा दें ।

11. अब कंट्रोल यूनिट और बैलट यूनिट को उनके डिब्बों में बंद करके, उन डिब्बों पर पते का परचा (टैग) लगाकर उन्हें दोनों ओर से लाख से सील कर दें ।

12. डूसू और कॉलेज के लिए सभी कंट्रोल यूनिटों और बैलट यूनिटों को मतगणना केन्द्र भेज दें ।

मतगणना केंद्र का पता :

भूतल (Ground Floor), कॉन्फ्रेंस सेंटर,
बॉटनी विभाग के सामने, दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर
दिल्ली - 110007

प्रवेश निरुला के मुख्य द्वार के समीपस्थ कॉन्फ्रेंस सेंटर के गेट से होगा (डूसू कार्यालय के सामने)